**बिहार सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग।**

पत्रांक–प्र0–01–रा0(वि0)–19/2024–355/एम0, पटना, दिनांक–13/01/26

प्रेषक,

भारत भूषण प्रसाद,
सरकार के अपर सचिव।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– अन्वेषण निदेशालय में अपर निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, वरीय भू–वैज्ञानिक एवं भू–वैज्ञानिक के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन समर्पित करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि खान एवं भूतत्व विभाग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अपर निदेशक के 01 (एक) पद, उप निदेशक के 01 (एक) पद, सहायक निदेशक के 02 (दो) पद, वरीय भू–वैज्ञानिक के 04 (चार) पद एवं भू–वैज्ञानिक के 10 (दस) पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन समर्पित करने के संबंध में सूचना प्रकाशित करने हेतु सूचना संलग्न कर भेजी जा रही है।

अतः अनुरोध है कि हिन्दी एवं अंग्रेजी के राज्यान्तर्गत एवं राष्ट्रीय स्तर के सभी संस्करणों के दैनिक समाचार पत्रों में यथाशीघ्र विज्ञापन प्रकाशित कराने की कृपा करना चाहेंगे।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

13/01/26

सरकार के अपर सचिव

**बिहार सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग**

विकास भवन, नया सचिवालय, पटना–800015

## अन्वेषण निदेशालय में अपर निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, वरीय भू–वैज्ञानिक एवं भू–वैज्ञानिक के पद के पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु सूचना

खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना अन्तर्गत अन्वेषण निदेशालय के लिए स्वीकृत/रिक्त अपर निदेशक के 01 (एक) पद, उप निदेशक के 01 (एक) पद, सहायक निदेशक के 02 (दो) पद, वरीय भू–वैज्ञानिक के 04 (चार) पद एवं भू–वैज्ञानिक के 10 (दस) पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति हेतु योग्य पदाधिकारियों से विहित प्रपत्र (वेबसाईट पर उपलब्ध) में स्पीड पोस्ट से आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

2. **योग्यता/पात्रता–**

| क्र0 | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता/पात्रता |
|---|---|---|
| 1. | अपर निदेशक | i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्था से 2nd श्रेणी M.Sc, भूगर्भ विज्ञान में उपाधि/सम्बर्द्ध भूगर्भ विज्ञान।<br>ii. भारत सरकार अथवा अन्य राज्य सरकार के खान एवं भूतत्व संवर्ग के वेतन स्तर–13 एवं समकक्ष के पदाधिकारी।<br>अथवा<br>iii. खनन एवं भूतत्व से जुड़े भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियाँ यथा–कोल इंडिया लिमिटेड, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मिनिरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लि0 इत्यादि के वेतन स्तर–13 एवं समकक्ष के पदाधिकारी। |
| 2. | उप निदेशक | i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्था से 2nd श्रेणी M.Sc, भूगर्भ विज्ञान में उपाधि/सम्बर्द्ध भूगर्भ विज्ञान।<br>ii. भारत सरकार अथवा अन्य राज्य सरकार के खान एवं भूतत्व संवर्ग के वेतन स्तर–12 एवं समकक्ष के पदाधिकारी।<br>अथवा<br>iii. खनन एवं भूतत्व से जुड़े भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियाँ यथा–कोल इंडिया लिमिटेड, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मिनिरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लि0 इत्यादि के वेतन स्तर–12 एवं समकक्ष के पदाधिकारी। |
| 3. | सहायक निदेशक | i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्था से 2nd श्रेणी M.Sc, भूगर्भ विज्ञान में उपाधि/सम्बर्द्ध भूगर्भ विज्ञान।<br>ii. भारत सरकार अथवा अन्य राज्य सरकार के खान एवं भूतत्व संवर्ग के वेतन स्तर–11 एवं समकक्ष के पदाधिकारी।<br>अथवा<br>iii. खनन एवं भूतत्व से जुड़े भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियाँ यथा–कोल इंडिया लिमिटेड, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मिनिरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लि0 इत्यादि के वेतन स्तर–11 एवं समकक्ष के पदाधिकारी। |
| 4. | वरीय भू–वैज्ञानिक | i. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्था से 2nd श्रेणी M.Sc, भूगर्भ विज्ञान में उपाधि/सम्बर्द्ध भूगर्भ विज्ञान।<br>ii. भारत सरकार अथवा अन्य राज्य सरकार के खान एवं भूतत्व संवर्ग के वेतन स्तर–09 एवं समकक्ष के पदाधिकारी।<br>अथवा<br>iii. खनन एवं भूतत्व से जुड़े भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियाँ यथा–कोल इंडिया लिमिटेड, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मिनिरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लि0 इत्यादि के वेतन स्तर–09 एवं समकक्ष के पदाधिकारी। |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | भू–वैज्ञानिक | i. भूगर्भ विज्ञान में स्नातक।<br>ii. भारत सरकार अथवा अन्य राज्य सरकार के खान एवं भूतत्व संवर्ग के वेतन स्तर–06 एवं समकक्ष के पदाधिकारी।<br>अथवा<br>iii. खनन एवं भूतत्व से जुड़े भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियाँ यथा–कोल इंडिया लिमिटेड, जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, मिनिरल एक्सप्लोरेशन कॉरपोरेशन लि0 इत्यादि के वेतन स्तर–06 एवं समकक्ष के पदाधिकारी। |

3. **वेतनः**–प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों का वेतन उनके मूल वेतन के आधार पर सभी अनुमान्य भत्तों सहित होगी।

4. **प्रतिनियुक्ति की अवधिः**–प्रतिनियुक्ति 03 वर्ष अथवा 59 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, तक के लिए होगी। आवश्यकतानुसार प्रतिनियुक्ति अवधि घटायी या बढ़ायी जा सकती है।

5. **चयन की प्रक्रियाः**–विभागीय समिति द्वारा साक्षात्कार के आधार पर।

6. **पदस्थापन स्थलः**– खान एवं भूतत्व विभाग, बिहार, पटना।

7. **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि :**– दिनांक 12.02.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक।

8. **आवेदन भेजने का पता :**– अपर सचिव, खान एवं भूतत्व विभाग, विकास भवन,
नया सचिवालय, पटना–800015
मोबाईल नम्बर–9955185596

9. विस्तृत जानकारी हेतु विभागीय वेबसाईट www.mines.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

13/01/26.

(भारत भूषण प्रसाद)
सरकार के अपर सचिव